AARO Exam-2024

Exam Date:- 29-10-2025

**इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।/Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.**

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24
No. of Pages in Booklet : 24
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 110
No. of Questions in Booklet : 110
Paper Code : **05**
Subject: **Plant Pathology**

# RAA-25

**Paper-II**

प्रश्न पुस्तिका संख्या व बारकोड / Question Booklet No. & Barcode

5001105

समय : **01:50 घण्टे + 10 मिनिट अतिरिक्त***
Time : **01:50 hours + 10 Minutes Extra***

अधिकतम अंक : **110**
Maximum Marks : **110**

प्रश्न पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथिन बैग को खोलने पर प्रश्न पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :-
- प्रश्न पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान है।
- प्रश्न पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं। समस्त प्रश्न जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/मुद्रण त्रुटि नहीं है।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें। यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper the candidate should ensure that:-
- Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.
- All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.

If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after **five** minutes of start of examination.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है।**
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र एक ही उत्तर दीजिये। एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको प्रश्न पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से विवरण भरें।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें। गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पांच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल प्वाइंट पेन से गहरा करना है।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो उत्तर-पत्रक में पांचवें (5) विकल्प को गहरा करें। यदि पांच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा।**
10. ***प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. आंसर शीट जांच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है। इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पांच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है, तो उसको अयोग्य माना जायेगा।**
12. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेज़ी रूपान्तरों में से अंग्रेज़ी रूपान्तर मान्य होगा।
13. **मोबाइल फोन अथवा इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है, तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए और **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **BLUE BALL POINT PEN** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in OMR Answer Sheet. Candidate will himself/herself be responsible for filling wrong Roll Number.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question, then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10. ***After solving the question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature, then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
13. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt by the Commission as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair Means in Recruitment) Act, 2022, other laws applicable and Commission's Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

उत्तर-पत्रक में दो प्रतियां हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियां वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें। वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, **जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे। परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा मांगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी।**

1. Differentiation of zoospore takes place in the vesicle, is the main characteristic of -

(1) *Aspergillus* spp.

(2) *Pythium* spp.

(3) *Phytophthora* spp.

(4) *Uncinula* spp.

(5) Question not attempted

1. जूस्पोर (चलायमान बीजाणु) का विभेदन वेसिकल (पुटिका) के भीतर होता है, यह किसकी मुख्य विशेषता है?

(1) एस्परजिलस जाति

(2) पिथियम जाति

(3) फाइटोफ्थोरा जाति

(4) अनसिनुला जाति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. Which one is rod shaped bacterium?

(1) *Streptococcus*

(2) *Spirillum*

(3) *Pseudomonas*

(4) *Monococcus*

(5) Question not attempted

2. निम्न में से कौनसा दण्डाकार जीवाणु है?

(1) स्ट्रेप्टोकोकस

(2) स्पिरिलम

(3) स्यूडोमोनास

(4) मोनोकोकस

(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. The mushroom commonly known as Reishi is -

(1) *Volvariella volvacea*

(2) *Agaricus bisporus*

(3) *Ganoderma lucidum*

(4) *Pleurotus* spp.

(5) Question not attempted

3. सामान्यतः ऋषि (Reishi) के नाम से प्रसिद्ध मशरूम है –

(1) वोल्वेरीएला वोल्वेसिया

(2) एगारिकस बिस्पोरस

(3) गैनोडर्मा ल्यूसिडम

(4) प्लुरोटस स्पीशीज़

(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. Moist heat sterilization is performed by which of the following equipment?

(1) Hot plate

(2) Hot air oven

(3) Autoclave

(4) Lyophilizer

(5) Question not attempted

4. निम्नलिखित में से किस उपकरण द्वारा आर्द्र ऊष्मा से निर्जर्मीकरण किया जाता है?

(1) गर्म प्लेट

(2) गर्म हवा अवन

(3) ऑटोक्लेव

(4) लाइओफिलाइज़र

(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. Epidemic by late blight of potato in Ireland was due to -

(1) *Phytophthora infestans*

(2) *Puccinia graminis*

(3) *Ustilago maydis*

(4) *Xanthomonas oryzae*

(5) Question not attempted

5. आयरलैंड में आलू की पछेती झुलसा महामारी किसके कारण हुई?

(1) फाइटोफ्थोरा इन्फेस्टैन्स

(2) पक्सीनिया ग्रैमिनिस

(3) अस्टिलागो मेयडिस

(4) ज़ैन्थोमोनस ओराइज़ी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. Barley yellow dwarf virus is a single stranded RNA virus belongs to family -

(1) Geminiviridae

(2) Potyviridae

(3) Luteoviridae

(4) Comoviridae

(5) Question not attempted

7. Scientific name of "paddy straw" mushroom is -

(1) *Agaricus bisporus*

(2) *Volvariella volvacea*

(3) *Pleurotus sajor-caju*

(4) *Calocybe indica*

(5) Question not attempted

8. Tundu disease of wheat was first time reported from -

(1) Uttar Pradesh, 1920

(2) Bihar, 1940

(3) Kerala, 1945

(4) Punjab, 1917

(5) Question not attempted

9. Apoplastic fungicides move through -

(1) Living cell of plant

(2) Non-living part of plant

(3) Both living and non-living parts

(4) Soil only

(5) Question not attempted

10. In a compound microscope, the total magnification is calculated as -

(1) Objective magnification + Ocular magnification

(2) Objective magnification × Ocular magnification

(3) Objective magnification – Ocular magnification

(4) Objective magnification ÷ Ocular magnification

(5) Question not attempted

6. जौ का पीला बौना विषाणु जो कि एक सिंगल स्ट्रेंडेड आरएनए विषाणु है, किस फैमिली से संबंधित है?

(1) जेमिनीविरिडी

(2) पोटीविरिडी

(3) ल्यूटियोविरिडी

(4) कोमोविरिडी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. ''पैडी स्ट्रॉ'' (धान का भूसा) मशरूम का वैज्ञानिक नाम है –

(1) एगारिकस बिस्पोरस

(2) वोल्वेरीएला वोल्वेसिया

(3) प्लुरोटस साजोर–काजू

(4) कैलोसाइबे इंडिका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. गेहूँ के टुंडू रोग को सर्वप्रथम कहां से रिपोर्ट किया गया?

(1) उत्तर प्रदेश, 1920

(2) बिहार, 1940

(3) केरल, 1945

(4) पंजाब, 1917

(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. एपोप्लास्टिक कवकनाशी किसके माध्यम से संवहन करते हैं?

(1) पौधे की जीवित कोशिका से

(2) पौधे के अजीवित भाग से

(3) जीवित एवं अजीवित दोनों भागों से

(4) केवल मृदा से

(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. संयुक्त सूक्ष्मदर्शी में कुल आवर्धन की गणना इस प्रकार की जाती है –

(1) ऑब्जेक्टिव आवर्धन + ऑक्यूलर आवर्धन

(2) ऑब्जेक्टिव आवर्धन × ऑक्यूलर आवर्धन

(3) ऑब्जेक्टिव आवर्धन – ऑक्यूलर आवर्धन

(4) ऑब्जेक्टिव आवर्धन ÷ ऑक्यूलर आवर्धन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**11.** G.P.S. stands for -

(1) Geography Positioning System

(2) Global Positioning System

(3) Geotropic Positioning System

(4) Gravity Positioning System

(5) Question not attempted

**12.** "Horsfall-Barratt (HB) Scale" is used for measuring -

(1) Spore measurement

(2) Spore dispersal

(3) Disease severity

(4) Disease incidence

(5) Question not attempted

**13.** The plant disease 'Fire Blight of Pears' was reported by -

(1) T.J. Burrill

(2) E. Jenner

(3) W.M. Stanley

(4) K.C. Mehta

(5) Question not attempted

**14.** Red rust of mango is caused by -

(1) *Cephaleuros virescens*

(2) *Alternaria solani*

(3) *Fusarium mangiferae*

(4) *Rhizoctonia solani*

(5) Question not attempted

**15.** Black pigment of fungal cell that help the fungus to prevent damage from UV radiations is -

(1) Protein

(2) Chitin

(3) Glycogen

(4) Melanin

(5) Question not attempted

**11.** जी.पी.एस. का पूरा नाम है –

(1) जियोग्राफी पॉज़िशनिंग सिस्टम

(2) ग्लोबल पॉज़िशनिंग सिस्टम

(3) जियोट्रोपिक पॉज़िशनिंग सिस्टम

(4) ग्रेविटी पॉज़िशनिंग सिस्टम

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**12.** ''हॉर्सफॉल–बैरेट पैमाना'' किस हेतु काम में लिया जाता है?

(1) बीजाणु मापन

(2) बीजाणु प्रकीर्णन

(3) रोग की तीव्रता

(4) रोग संक्रमण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**13.** पादप रोग 'नाशपाती की दग्ध अंगमारी' को प्रतिपादित करने वाले वैज्ञानिक का नाम है –

(1) टी.जे. बुरिल

(2) ई. जेनर

(3) डब्ल्यू.एम. स्टेनली

(4) के.सी. मेहता

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**14.** आम की लाल रोली किसके द्वारा होती है?

(1) सेफेल्यूरोस विरेसेंस

(2) अल्टरनेरिया सोलानी

(3) फ्यूज़ेरियम मैंगीफेरी

(4) राइज़ोक्टोनिया सोलानी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**15.** कवक कोशिका का काला रंजक जो कवक को अल्ट्रावायलेट विकिरण द्वारा होने वाली क्षति से बचाता है, वह है –

(1) प्रोटीन

(2) काइटिन

(3) ग्लाइकोजन

(4) मेलानिन

(5) अनुत्तरित प्रश्न

16. A closed ascocarp without an ostiole is known as -
(1) Cleistothecium
(2) Pseudothecium
(3) Apothecium
(4) Perithecium
(5) Question not attempted

17. Copper sulphate fungicide was used first time in 1807 by -
(1) Millardet
(2) Anton de Bary
(3) Woronin
(4) Prevost
(5) Question not attempted

18. The golden nematode of potato caused by _Heterodera_ _rostochiensis_ was introduced in India from -
(1) Australia
(2) Java
(3) Europe
(4) Sri Lanka
(5) Question not attempted

19. Lyophilization in Plant Pathology is used for -
(1) Sterilization of media
(2) Freeze-drying of microbial culture
(3) Disinfection of instruments
(4) Sanitation of plants
(5) Question not attempted

20. What binding components complimentary to the plant lectins present on surface of the pathogens are called?
(1) Suppressors
(2) Antibiotics
(3) Antigen
(4) Elicitors
(5) Question not attempted

16. एक बन्द एस्कोकार्प जिसमें कोई छिद्र (ऑस्टियोल) नहीं होता है, वह है –
(1) क्लिस्टोथीसियम
(2) स्यूडोथीसियम
(3) एपोथीसियम
(4) पेरिथीसियम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

17. 1807 में कॉपर सल्फेट कवकनाशी प्रथम बार किसके द्वारा प्रयोग किया गया था?
(1) मिलार्डेट
(2) एन्टोन डी बैरी
(3) वोरोनिन
(4) प्रीवोस्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

18. आलू का स्वर्ण सूत्रकृमि जो हेटेरोडेरा रोस्टोचिएंसिस द्वारा होता है, भारत में कहाँ से आया?
(1) ऑस्ट्रेलिया
(2) जावा
(3) यूरोप
(4) श्रीलंका
(5) अनुत्तरित प्रश्न

19. पादप रोग विज्ञान में हिमशुष्कीकरण का उपयोग है –
(1) माध्यम का निर्जीवाणुकरण
(2) सूक्ष्मजीव संवर्धन का हिमशुष्कन
(3) उपकरणों का कीटाणुशोधन
(4) पौधों का सेनिटेशन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

20. रोगजनकों की सतह पर मौजूद पादप लेक्टिन के पूरक बंधन घटकों को क्या कहा जाता है?
(1) शामक
(2) एन्टीबायोटिक्स
(3) प्रतिजन
(4) प्रभावक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

21. The transmission of banana bunchy top virus occurs through -
(1) Thrips
(2) Mealybug
(3) Aphid
(4) Whitefly
(5) Question not attempted

21. बनाना बंची टॉप वायरस का संचरण किसके माध्यम से होता है?
(1) थ्रिप्स
(2) मिलीबग
(3) एफिड
(4) सफेद मक्खी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

22. Stem pitting symptoms in citrus are commonly associated with -
(1) Citrus greening disease
(2) Citrus gummosis disease
(3) Citrus scab disease
(4) Citrus tristeza disease
(5) Question not attempted

22. सिट्रस में स्टेम पिटिंग लक्षण सामान्यतः किससे संबंधित हैं?
(1) सिट्रस ग्रीनिंग रोग
(2) सिट्रस गमोसिस रोग
(3) सिट्रस स्कैब रोग
(4) सिट्रस ट्रिस्टेज़ा रोग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

23. Which one of the following is a common radiation used to create aseptic conditions in HEPA laminar air flow chamber?
(1) Ultraviolet rays
(2) Gamma rays
(3) β-rays
(4) X-rays
(5) Question not attempted

23. HEPA लेमिनार एअर फ्लो चैम्बर में सूक्ष्मजीव मुक्त वातावरण बनाने के लिये निम्नांकित मे से कौनसी रेडिएशन का प्रयोग किया जाता है?
(1) पराबैंगनी किरणें
(2) गामा किरणें
(3) बीटा–किरणें
(4) एक्स–रे (किरणें)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

24. The number of nuclei present in each cell of secondary mycelium of *Pleurotus sajor-caju* is -
(1) Two
(2) Four
(3) Three
(4) One
(5) Question not attempted

24. प्लुरोटस साजोर–काजू के द्वितीयक माइसीलियम की प्रत्येक कोशिका में कितने केन्द्रक होते हैं?
(1) दो
(2) चार
(3) तीन
(4) एक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

25. Who is known as Father of Forest Pathology?
(1) Robert Hartig
(2) Jensen
(3) Hashimoto
(4) Kuhn
(5) Question not attempted

25. फॉरेस्ट पैथोलॉजी के जनक हैं –
(1) रॉबर्ट हार्टिंग
(2) जेन्सेन
(3) हाशिमोटो
(4) कुह्न
(5) अनुत्तरित प्रश्न

26. The year 1847, known as "Black 47", is associated with which catastrophic event?

(1) Great Bengal famine

(2) Coffee rust

(3) Downy mildew of grapes

(4) Irish famine

(5) Question not attempted

26. सन् 1847, जिसे "ब्लैक 47" कहा जाता है, किस विनाशकारी घटना से सम्बन्धित है?

(1) बंगाल का भीषण अकाल

(2) कॉफी का रतुआ

(3) अंगूर का मृदुल आसिता

(4) आयरिश अकाल

(5) अनुत्तरित प्रश्न

27. Which of the following microscope is used to examine diseased material for the presence of pathogen fruiting bodies?

(1) Fluorescence microscope

(2) Phase-contrast microscope

(3) Microarray

(4) Stereoscopic microscope

(5) Question not attempted

27. निम्नलिखित में से किस सूक्ष्मदर्शी का उपयोग रोगग्रस्त सामग्री पर रोगजनकों की संरचनाओं की उपस्थिति की जांच करने के लिए किया जाता है?

(1) प्रतिदीप्ति सूक्ष्मदर्शी

(2) कला–विपरीत सूक्ष्मदर्शी

(3) माइक्रोएरे

(4) त्रिविम सूक्ष्मदर्शी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

28. Which of the following pair is correctly matched?

(1) J.C. Arthur - Discovered Crown gall

(2) Alfred Fischer - Proved bacteria is cause of yellow disease

(3) Woronin - Described association of bacteria with root nodules

(4) E.F. Smith - Discovered Anthrax bacterium

(5) Question not attempted

28. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही सुमेलित है?

(1) जे.सी. आर्थर – क्राउन गॉल की खोज की

(2) अल्फ्रेड फिशर – यह सिद्ध किया कि जीवाणु पीली बीमारी का कारण है

(3) वोरोनिन – जीवाणु का मूल ग्रन्थियों से सम्बन्ध बताया

(4) ई.एफ. स्मिथ – एन्थ्रेक्स जीवाणु की खोज की

(5) अनुत्तरित प्रश्न

29. Groundnut harvesting should be avoided during rainy days to prevent infection by -

(1) *Rhizoctonia solani*

(2) *Aspergillus flavus*

(3) *Cercospora arachidicola*

(4) *Puccinia arachidis*

(5) Question not attempted

29. वर्षा ऋतु में मूंगफली की कटाई किसके संक्रमण से बचने के लिए टालनी चाहिए?

(1) राइज़ोक्टोनिया सोलानी

(2) एस्परजिलस फ्लेवस

(3) सरकोस्पोरा एराचिडिकोला

(4) पक्सीनिया एराचिडिस

(5) अनुत्तरित प्रश्न

30. *Candidatus liberibacter* causes a disease in citrus plants known as -

(1) Citrus decline

(2) Citrus canker

(3) Citrus greening

(4) Citrus stubborn

(5) Question not attempted

30. कैंडिडैटस लाइबेरिबैक्टर नींबू वर्गीय पौधों में एक रोग पैदा करता है, जो कहलाता है –

(1) सिट्रस डिक्लाइन

(2) सिट्रस कैंकर

(3) सिट्रस ग्रीनिंग

(4) सिट्रस स्टबर्न

(5) अनुत्तरित प्रश्न

31. What is the pathogen of Udbatta disease of rice?

(1) *Trichoconis padwickii*

(2) *Entyloma oryzae*

(3) *Xanthomonas oryzae*

(4) *Ephelis oryzae*

(5) Question not attempted

32. Sterility mosaic disease of pigeonpea is transmitted by -

(1) Nematodes

(2) Aphid

(3) Mites

(4) Fungi

(5) Question not attempted

33. Plant pathogenic fungi produces a special structure for attachment and direct penetration into plant cell is called -

(1) Haustorium

(2) Appressorium

(3) Conidia

(4) Hyphae

(5) Question not attempted

34. An incubator is primarily used for -

(1) Filtration

(2) Sterilization

(3) Measurement of pH

(4) Cultivation of micro-organisms

(5) Question not attempted

35. Gene-for-Gene Hypothesis was based on the interaction between -

(1) Tomato and *Pseudomonas syringae*

(2) Wheat and *Puccinia graminis*

(3) Flax and *Melampsora lini*

(4) Rice and *Xanthomonas oryzae*

(5) Question not attempted

31. चावल के उदबत्ता रोग का रोगजनक कौनसा है?

(1) ट्राइकोकोनिस पैडविकी

(2) एंटाइलोमा ओराइज़ी

(3) ज़ैंथोमोनस ओराइज़ी

(4) एफेलिस ओराइज़ी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

32. अरहर का बांझपन मोज़ेक रोग किसके द्वारा फैलता है?

(1) नेमाटोड्स

(2) माहू

(3) बरूथी

(4) कवक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

33. पादप रोगकारक फफूँद, पौधे के साथ संयुक्त होकर सीधे प्रवेश हेतु एक विशिष्ट संरचना बनाते हैं, कहलाती है –

(1) हौस्टोरीयम

(2) एप्रेसोरियम

(3) कोनिडिया

(4) कवकतंतु

(5) अनुत्तरित प्रश्न

34. इनक्यूबेटर का मुख्य रूप से उपयोग किया जाता है –

(1) फिल्ट्रेशन के लिए

(2) स्टरलाइज़ेशन के लिए

(3) पी.एच. के मापन के लिए

(4) सूक्ष्मजीवों के संवर्धन के लिए

(5) अनुत्तरित प्रश्न

35. जीन–फॉर–जीन परिकल्पना किसके बीच अंतःक्रिया पर आधारित थी?

(1) टमाटर तथा स्यूडोमोनास सिरिंजे

(2) गेहूँ तथा पक्सीनिया ग्रैमिनिस

(3) अलसी तथा मेलैम्पसोरा लिनी

(4) धान तथा ज़ैन्थोमोनस ओराइज़ी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

36. Overgrowth in tissues due to increase in number of cells is known as -
(1) Parthenogenesis
(2) Hyperplasia
(3) Hypoplasia
(4) Hypertrophy
(5) Question not attempted

37. Who classified plant disease epidemics into two basic types - monocyclic and polycyclic?
(1) J.E. Van der Plank
(2) Antonio Di Pietro
(3) M.A. Ellis
(4) E.J. Butler
(5) Question not attempted

38. Which among the following is effective to control bacterial blight of cotton?
(1) Metalaxyl
(2) Vitavax
(3) Copper oxychloride
(4) Plantvax
(5) Question not attempted

39. Cross protection against viral diseases in plants can be achieved by -
(1) infecting the host with a mild strain of same virus.
(2) inserting a resistant gene from wild relatives.
(3) blocking vector transmission by insecticides.
(4) removing viral protein using antisense technology.
(5) Question not attempted

40. Which disease is caused by viroid?
(1) Potato spindle tuber
(2) Wheat streak
(3) Sterility mosaic of pigeonpea
(4) Fig mosaic
(5) Question not attempted

36. ऊतक की कोशिकाओं की संख्या में वृद्धि होने से जो अतिवृद्धि होती है, कहलाती है –
(1) अनिषेकजनन
(2) अतिवर्धन
(3) अल्पविकसन
(4) अतिविकसन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

37. पादप रोग महामारी को किसने दो मूल प्रकारों – एकलचक्रीय तथा बहुचक्रीय के रूप में वर्गीकृत किया था?
(1) जे.ई. वैन डेर प्लैंक
(2) एंटोनियो डि पीट्रो
(3) एम.ए. एलिस
(4) ई.जे. बटलर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

38. निम्नलिखित में से कपास के जीवाणुजनित अंगमारी को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी है –
(1) मेटालैक्सिल
(2) विटावैक्स
(3) कॉपर ऑक्सीक्लोराइड
(4) प्लांटवैक्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

39. पौधों में विषाणुजनित रोगों के विरुद्ध परस्पर सुरक्षा किससे विकसित की जा सकती है?
(1) मेज़बान को उसी विषाणु की हल्की किस्म से संक्रमित कर।
(2) जंगली प्रजातियों से प्रतिरोधक जीन की प्रविष्टि कर।
(3) कीटनाशकों द्वारा वाहक के संचरण को रोककर।
(4) एंटीसेन्स तकनीक द्वारा विषाणु के प्रोटीन को हटा कर।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

40. कौनसा रोग वाइरॉयड जनित है?
(1) आलू का स्पिंडल ट्यूबर
(2) गेहूँ का स्ट्रीक
(3) अरहर का स्टेरिलिटी मोज़ेक
(4) अंजीर का मोज़ेक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

41. Coffee rust disease attacked plantation in Sri Lanka in the year -
(1) 1837
(2) 1827
(3) 1767
(4) 1867
(5) Question not attempted

42. When a resistance uniformly spreads against all the races of a pathogen, such resistance is known as -
(1) Horizontal resistance
(2) Vertical resistance
(3) Monogenic resistance
(4) Oligogenic resistance
(5) Question not attempted

43. Which one is heterothallic fungus with coenocytic mycelium?
(1) *Phytophthora infestans*
(2) *Ustilago maydis*
(3) *Pythium aphanidermatum*
(4) *Alternaria alternata*
(5) Question not attempted

44. Which one of the following sequences is being used in a combination seed treatment?
(1) Rhizobium, Fungicide, Insecticide
(2) Insecticide, Fungicide, Rhizobium
(3) Fungicide, Insecticide, Rhizobium
(4) Fungicide, Rhizobium, Insecticide
(5) Question not attempted

45. *Amanita muscaria* causes which type of poisoning after 2 hours of eating?
(1) Gastric poisoning
(2) Muscular poisoning
(3) Cellulose poisoning
(4) Nerve poisoning
(5) Question not attempted

41. श्रीलंका में कॉफ़ी के बागानों में रोली रोग कब प्रकट हुआ?
(1) 1837
(2) 1827
(3) 1767
(4) 1867
(5) अनुत्तरित प्रश्न

42. जब रोगजनक की सभी रेसेस के प्रति समान प्रतिरोध फैल जाता है, तो इस प्रकार के प्रतिरोध को कहते हैं –
(1) समानान्तर प्रतिरोध (हॉरिज़ोन्टल रेसिस्टेन्स)
(2) ऊर्ध्वाधर प्रतिरोध (वर्टिकल रेसिस्टेन्स)
(3) एकलजीनी प्रतिरोध (मोनोजेनिक रेसिस्टेन्स)
(4) अल्पजीनी प्रतिरोध (ओलिगोजेनिक रेसिस्टेन्स)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

43. निम्न में कौनसी कवक विषमथैलिक है, जिसमें संकोशिका कवक जाल पाया जाता है?
(1) फाइटोफ्थोरा इन्फेस्टैंस
(2) अस्टीलागो मेयडिस
(3) पिथियम एफैनीडर्मेटम
(4) अल्टरनेरिया अल्टरनेटा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

44. निम्नलिखित में से कौनसा क्रम संयुक्त बीजोपचार में उपयोग होता है?
(1) राइज़ोबियम, कवकनाशी, कीटनाशी
(2) कीटनाशी, कवकनाशी, राइज़ोबियम
(3) कवकनाशी, कीटनाशी, राइज़ोबियम
(4) कवकनाशी, राइज़ोबियम, कीटनाशी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

45. अमानिता मस्केरिया को खाने के 2 घंटे बाद किस प्रकार की विषाक्तता के लक्षण प्रकट होते हैं?
(1) गैस्ट्रिक विषाक्तता
(2) मांसपेशीय विषाक्तता
(3) सेलुलोज़ विषाक्तता
(4) तंत्रिका विषाक्तता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

46. Peanut clump virus disease having single stranded RNA virus is transmitted by -

(1) Whitefly

(2) Mealybugs

(3) Mites

(4) Fungus and seeds

(5) Question not attempted

46. मूंगफली का झुरमुट विषाणु रोग जिसमें सिंगल स्ट्रैंडेड आरएनए विषाणु है, संचरित होता है –

(1) सफेद मक्खी द्वारा

(2) मिलीबग द्वारा

(3) माइट्स द्वारा

(4) कवक एवं बीज द्वारा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

47. Which of the following is organic sulphur fungicide?

(1) Sulphur dust

(2) Wettable sulphur

(3) Dithane Z-78

(4) Lime sulphur

(5) Question not attempted

47. निम्न में से कौनसा कार्बनिक सल्फर कवकनाशी है?

(1) सल्फर चूर्ण

(2) वेटेबल (क्लेदनीय) सल्फर

(3) डाइथेन जेड–78

(4) लाइम सल्फर

(5) अनुत्तरित प्रश्न

48. The Xa21 gene in rice develops resistance to -

(1) Rice blast disease

(2) Bacterial blight disease

(3) Sheath blight disease

(4) False smut disease

(5) Question not attempted

48. धान में एक्स.ए.21 जीन किस रोग के प्रति प्रतिरोध उत्पन्न करता है?

(1) धान का ब्लास्ट रोग

(2) जीवाणुजनित झुलसा रोग

(3) शीथ ब्लाइट रोग

(4) फॉल्स स्मट रोग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

49. Which among the following diseases of kodo millet produces a honey like liquid on the inflorescence?

(1) Downy mildew disease

(2) Ergot disease

(3) Blast disease

(4) Flag smut disease

(5) Question not attempted

49. कोदरा के निम्नलिखित रोगों में से कौनसा रोग पुष्प गुच्छ पर शहद जैसा तरल पदार्थ उत्पन्न करता है?

(1) मृदुरोमिल आसिता रोग

(2) अरगट रोग

(3) झोंका रोग

(4) ध्वजकंड रोग

(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. "TOM-CAST" is mainly used to forecast which disease of tomato?

(1) Bacterial wilt

(2) Powdery mildew

(3) Fusarium wilt

(4) Early blight

(5) Question not attempted

50. "टॉम–कास्ट" का उपयोग मुख्य रूप से टमाटर के किस रोग का पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जाता है?

(1) जीवाणु विल्ट

(2) चूर्णिल आसिता

(3) फ्यूज़ेरियम विल्ट

(4) अगेती झुलसा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. The scientific name of milky mushroom is -

(1) *Volvariella volvacea*

(2) *Pleurotus florida*

(3) *Calocybe indica*

(4) *Auricularia polytricha*

(5) Question not attempted

52. As per the Plant Quarantine Order 2003, how many notified entry points exist in India for plants and plant materials?

(1) 40

(2) 15

(3) 60

(4) 25

(5) Question not attempted

53. Which of the following microorganism produces "Fried egg" type of growth in culture medium?

(1) Fungus

(2) Virus

(3) Bacterium

(4) Mycoplasma

(5) Question not attempted

54. Conditions under which even genetically susceptible plants show resistance to pathogens are called -

(1) Disease escape

(2) Non-host resistance

(3) True Resistance

(4) Susceptible

(5) Question not attempted

55. The cell walls of fungi composed predominantly of β-1,3 and β-1,6 glucan and cellulose rather than chitin, is the main feature of -

(1) Oomycetes

(2) Zygomycetes

(3) Basidiomycetes

(4) Ascomycetes

(5) Question not attempted

51. दूधिया मशरूम का वैज्ञानिक नाम है –

(1) वोल्वेरीएला वोल्वेसिया

(2) प्लुरोटस फ्लोरिडा

(3) कैलोसाइबे इंडिका

(4) ऑरिक्युलेरिया पॉलीट्राइका

(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. पादप संगरोध आदेश 2003 के अनुसार, पादप और पादप सामग्री हेतु भारत में कितने अधिसूचित प्रवेश बिन्दु मौजूद हैं?

(1) 40

(2) 15

(3) 60

(4) 25

(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. निम्नलिखित में से कौनसा सूक्ष्मजीवी संवर्धन माध्यम में "फ्राइड अंडे" जैसी वृद्धि दर्शाता है?

(1) कवक

(2) विषाणु

(3) जीवाणु

(4) माइकोप्लाज़्मा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. ऐसी स्थितियाँ जिनमें आनुवंशिक रूप से अतिसंवेदनशील पौधे भी रोगजनक प्रतिरोधिता दर्शाते हैं, होती हैं –

(1) रोग से बचना

(2) गैर–पोषी प्रतिरोधिता

(3) सत्य प्रतिरोधिता

(4) अतिसंवेदनशील

(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. कवक की कोशिका भित्ति मुख्यतः β-1,3 तथा β-1,6 ग्लूकेन तथा सेलुलोज़ से बनी होती है ना कि काइटिन से, ये किसका प्रमुख लक्षण है?

(1) ऊमाइसिटीज़

(2) ज़ाइगोमाइसिटीज़

(3) बेसिडियोमाइसिटीज़

(4) एस्कोमाइसिटीज़

(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. The spread of the pathogen of citrus stubborn disease takes place through -
(1) Fungi
(2) Nematodes
(3) Leafhoppers
(4) Whitefly
(5) Question not attempted

56. सिट्रस स्टबर्न रोग का रोगजनक किसके द्वारा फैलता है?
(1) कवक
(2) सूत्रकृमि
(3) पत्ती फुदके
(4) सफेद मक्खी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. Which among the following is the causal organism of red rust disease of tea?
(1) *Melampsora* spp.
(2) *Puccinia* spp.
(3) *Cephaleuros* spp.
(4) *Hemileia* spp.
(5) Question not attempted

57. निम्नलिखित में से चाय के लाल रतुआ रोग का रोगजनक जीव है –
(1) मेलैम्पसोरा प्रजाति
(2) पक्सीनिया प्रजाति
(3) सेफेल्यूरोस प्रजाति
(4) हेमीलिया प्रजाति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

58. Main symptoms of yellow vein mosaic of okra are -
(1) Reddening of leaves
(2) Wilting of leaves
(3) Withering of leaves
(4) Vein clearing and chlorosis
(5) Question not attempted

58. भिण्डी के पीला शिरा मोज़ेक के मुख्य लक्षण क्या हैं?
(1) पत्तियों का लाल होना
(2) पत्तियों का मुरझाना
(3) पत्तियों का झड़ना
(4) शिराओं की स्पष्टता एवं पीलापन (क्लोरोसिस)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

59. Who first developed solar energy treatment method for the control of loose smut disease in India?
(1) K.C. Mehta
(2) Thirumalachar
(3) T. Sadasivan
(4) J.C. Luthra
(5) Question not attempted

59. भारत में अनावृत कण्डवा रोग की रोकथाम हेतु सर्वप्रथम सौर ऊर्जा उपचार विधि किसने विकसित की?
(1) के.सी. मेहता ने
(2) थिरुमालाचार ने
(3) टी. सदाशिवन ने
(4) जे.सी. लूथरा ने
(5) अनुत्तरित प्रश्न

60. Which one factor is NOT responsible for declining of plant epidemic?
(1) Saturation of the plant pathogen in the host population
(2) Reduction in disease proneness in the host plants
(3) Availability of favourable environment, susceptible host and virulent pathogen
(4) Reduction in the aggressiveness of the pathogen
(5) Question not attempted

60. निम्नांकित में से कौनसा पादप महामारियों के ह्रास का कारक नहीं है?
(1) परपोषी समष्टि में पादप रोगजनक का संतृप्तीकरण
(2) परपोषी पौधों में रोगोन्मुखता में कमी
(3) अनुकूल पर्यावरण, सहिष्णु परपोषी एवं तीव्रतायुक्त रोगजनक की उपस्थिति
(4) रोगजनक की आक्रामकता में कमी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

61. Sporangiospore is a distinguishable character of the class -
(1) Oomycetes
(2) Basidiomycetes
(3) Deuteromycetes
(4) Ascomycetes
(5) Question not attempted

61. स्पोरेन्जियोस्पोर किस वर्ग का विशिष्ट लक्षण है?
(1) ऊमाइसिटीज़
(2) बेसिडियोमाइसिटीज़
(3) ड्यूटेरोमाइसिटीज़
(4) एस्कोमाइसिटीज़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

62. Who first reported spiroplasma as a causal agent of corn stunt disease?
(1) Adolf Mayer
(2) W.M. Stanley
(3) Davis and Worley
(4) D. Ivanovsky
(5) Question not attempted

62. स्पाइरोप्लाज़्मा को कॉर्न स्टन्ट रोग का कारक सर्वप्रथम किसने बताया?
(1) एडॉल्फ मेयर
(2) डब्ल्यू.एम. स्टेनली
(3) डेविस और वर्ली
(4) डी. इवानोव्स्की
(5) अनुत्तरित प्रश्न

63. Pathogen <u>*Ascochyta*</u> <u>*rabiei*</u> produces which phytoalexin?
(1) Pisatin
(2) Cicerin
(3) Gossypol
(4) Capsidol
(5) Question not attempted

63. रोगजनक <u>एस्कोकाइटा</u> <u>रेबीई</u> कौनसा फाइटोएलेक्सिन बनाता है?
(1) पिसाटिन
(2) सिसेरिन
(3) गॉसीपोल
(4) कैप्सिडोल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

64. Phytoplasma and spiroplasma collectively causes a number of diseases are referred to as -
(1) Wilt disease
(2) Mosaic disease
(3) Yellow disease
(4) Mottle disease
(5) Question not attempted

64. फाइटोप्लाज़्मा और स्पाइरोप्लाज़्मा द्वारा उत्पन्न रोगों के समूह को किस नाम से जाना जाता है?
(1) मुरझान रोग
(2) मोज़ेक रोग
(3) पीला रोग
(4) मोटल रोग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. Bergey's Manual of Systematic Bacteriology was first published in the year -
(1) 1884
(2) 1925
(3) 1984
(4) 1923
(5) Question not attempted

65. बर्गीज़ मैनुअल ऑफ सिस्टेमैटिक बैक्टीरियोलॉजी का प्रथम प्रकाशन किस वर्ष में हुआ?
(1) 1884
(2) 1925
(3) 1984
(4) 1923
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. Who coined the term 'Phytoalexin'?

(1) Gardner and Kendrick (1921)

(2) Muller and Borger (1940)

(3) Hendrix (1970)

(4) Horsfall and Diamond (1957)

(5) Question not attempted

67. Which pathogen causes stem gall disease in coriander?

(1) *Agrobacterium radiobacter*

(2) *Anguina tritici*

(3) *Protomyces macrosporus*

(4) *Agrobacterium tumefaciens*

(5) Question not attempted

68. Directorate of Plant Protection, Quarantine and Storage is located at -

(1) Bengaluru

(2) Mumbai

(3) Hyderabad

(4) Faridabad

(5) Question not attempted

69. King's Agar B media is most suitable for isolation of which of the following microorganisms?

(1) Fungi

(2) Nematodes

(3) Phytoplasma

(4) Bacteria

(5) Question not attempted

70. "More Crop" is a computerized forecasting system for managerial operation in which crop?

(1) Cotton

(2) Bajra

(3) Wheat

(4) Sugarcane

(5) Question not attempted

66. 'फाइटोएलेक्सिन' शब्द किसने दिया?

(1) गार्डनर और केंड्रिक (1921)

(2) मुलर और बोर्गर (1940)

(3) हेंड्रिक्स (1970)

(4) हॉर्सफॉल और डायमंड (1957)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. धनिया में तना गांठ रोग किस रोगजनक के कारण होता है?

(1) एग्रोबैक्टीरियम रेडियोबैक्टर

(2) एन्गुइना ट्रिटिसी

(3) प्रोटोमाइसीज़ मैक्रोस्पोरस

(4) एग्रोबैक्टीरियम ट्यूमेफैसिएन्स

(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. वनस्पति संरक्षण, संगरोध एवं भण्डारण निदेशालय कहाँ स्थित है?

(1) बेंगलुरु

(2) मुम्बई

(3) हैदराबाद

(4) फरीदाबाद

(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. निम्नलिखित में से किन सूक्ष्मजीवों के पृथक्करण के लिए किंग्स अगर बी मीडिया सबसे उपयुक्त माध्यम है?

(1) कवक

(2) सूत्रकृमि

(3) फाइटोप्लाज़्मा

(4) जीवाणु

(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. "मोर क्रॉप" किस फसल में प्रबंधकीय संचालन के लिए कम्प्यूटरीकृत पूर्वानुमान प्रणाली है?

(1) कपास

(2) बाजरा

(3) गेहूँ

(4) गन्ना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. Who is considered as the father of Plant Pathology in India?

(1) M.S. Swaminathan

(2) K.C. Mehta

(3) E.J. Butler

(4) de Bary

(5) Question not attempted

72. Cryptogram system of virus nomenclature was given by -

(1) Gibbs and Harrison, 1968

(2) Smith, 1937

(3) Holmes, 1936

(4) Johnson, 1927

(5) Question not attempted

73. Whip smut disease of sugarcane is caused by -

(1) *Ustilago hordei*

(2) *Ustilago nuda*

(3) *Ustilago maydis*

(4) *Ustilago scitaminea*

(5) Question not attempted

74. Rishitin is a phytoalexin produced by -

(1) Potato

(2) Mustard

(3) Wheat

(4) Cotton

(5) Question not attempted

75. *Elsinoe ampelina* is a causal agent of -

(1) Anthracnose disease of mango

(2) Rust disease of aonla

(3) Anthracnose disease of grapes

(4) Dieback disease of citrus

(5) Question not attempted

71. भारत में पौध व्याधि विज्ञान का जनक किसे कहा जाता है?

(1) एम.एस. स्वामीनाथन

(2) के.सी. मेहता

(3) ई.जे. बटलर

(4) डी बेरी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. विषाणु के नामकरण की क्रिप्टोग्राम प्रणाली किसने दी थी?

(1) गिब्स एवं हैरिसन, 1968

(2) स्मिथ, 1937

(3) होम्स, 1936

(4) जॉनसन, 1927

(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. गन्ने के व्हिप स्मट रोग का कारक है –

(1) अस्टिलागो होर्डेई

(2) अस्टिलागो न्यूडा

(3) अस्टिलागो मेयडिस

(4) अस्टिलागो स्किटामिनिया

(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. रिशिटिन एक फाइटोएलेक्सिन है, जो उत्पन्न होता है –

(1) आलू में

(2) सरसों में

(3) गेहूँ में

(4) कपास में

(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. एल्सीनो एम्पेलिना एक रोगकारक है –

(1) आम के श्यामवर्ण रोग का

(2) आँवला के रोली रोग का

(3) अंगूर के श्यामवर्ण रोग का

(4) नींबू वर्गीय के शीर्षारंभी क्षय रोग का

(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. Who described an important disease of castor caused by *Phytophthora parasitica*, first time in India?

(1) R.R. Vasudeva
(2) B.B. Mundkur
(3) K.S. Thind
(4) J.F. Dastur
(5) Question not attempted

77. The percentage of alcohol in decolorizing solution used in Gram-staining technique is -

(1) 65%
(2) 75%
(3) 85%
(4) 95%
(5) Question not attempted

78. The transformed tomato plants are resistant to TMV due to -

(1) Rx1 Gene
(2) Yr36 Gene
(3) N Gene
(4) Lr34 Gene
(5) Question not attempted

79. Prions are associated with -

(1) Potato spindle tuber disease
(2) Scrapie disease in sheep
(3) Cucumber mosaic virus
(4) Citrus exocortis
(5) Question not attempted

80. Cauliflower mosaic virus contains -

(1) ssDNA
(2) dsRNA
(3) dsDNA
(4) ssRNA
(5) Question not attempted

81. What is the contribution of Twort and d'Herelle?

(1) Discovered viroids
(2) Discovered spiroplasma
(3) Discovered bacteriophage
(4) Discovered virus
(5) Question not attempted

76. फाइटोपथोरा पैरासिटिका द्वारा जनित अरंडी की महत्त्वपूर्ण बीमारी का भारत में सर्वप्रथम किसने उल्लेख किया?

(1) आर.आर. वासुदेवा
(2) बी.बी. मुंदकुर
(3) के.एस. थिंड
(4) जे.एफ. दस्तूर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. ग्राम स्टेनिंग विधि में प्रयोग किए जाने वाले विरंजक घोल में कितना प्रतिशत अल्कोहल होता है?

(1) 65 प्रतिशत
(2) 75 प्रतिशत
(3) 85 प्रतिशत
(4) 95 प्रतिशत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. कौनसा जीन, टमाटर के पौधों को रूपांतरित करने के बाद तम्बाकू मोज़ेक वायरस (TMV) के प्रति प्रतिरोधकता दर्शाता है?

(1) आरएक्स1 जीन
(2) वाईआर36 जीन
(3) एन जीन
(4) एलआर34 जीन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. प्रिऑन्स किससे सम्बन्धित हैं?

(1) आलू का तर्कु ट्यूबर रोग
(2) भेड़ के स्क्रैपी रोग
(3) खीरा मोज़ेक विषाणु
(4) सिट्रस एक्सोकॉर्टिस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

80. कॉलीफ्लावर मोज़ेक वायरस युक्त है –

(1) सिंगल स्ट्रैंडेड डीएनए से
(2) डबल स्ट्रैंडेड आरएनए से
(3) डबल स्ट्रैंडेड डीएनए से
(4) सिंगल स्ट्रैंडेड आरएनए से
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. वैज्ञानिक ट्वोर्ट एवं डी'हेरेल का क्या योगदान है?

(1) वाइरॉयड्स की खोज
(2) स्पाइरोप्लाज़्मा की खोज
(3) बैक्टीरियोफेज (जीवाणुभक्षक) की खोज
(4) विषाणु की खोज
(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. Which one is NOT a simple interest disease (Monocyclic)?
(1) Head smut of sorghum
(2) Loose smut of wheat
(3) Vascular wilt
(4) Late blight of potato
(5) Question not attempted

82. निम्न में से कौनसा साधारण इन्टरेस्ट रोग (मोनोसाइक्लिक) नहीं है?
(1) ज्वार का शीर्ष कण्डवा
(2) गेहूँ का अनावृत कण्डवा
(3) वेस्कुलर म्लानि
(4) आलू का पछेती अंगमारी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. The book "Fungi and Plant Disease" was authored by -
(1) M.K. Patel
(2) E.J. Butler
(3) B.B. Mundkur
(4) K.C. Mehta
(5) Question not attempted

83. पुस्तक "फंजाई एण्ड प्लांट डिसीज़" के लेखक थे –
(1) एम.के. पटेल
(2) ई.जे. बटलर
(3) बी.बी. मुंदकुर
(4) के.सी. मेहता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

84. Who established "Indian Phytopathological Society" in India in the year 1948?
(1) J.F. Dastur
(2) K.C. Mehta
(3) S.L. Ajareker
(4) B.B. Mundkur
(5) Question not attempted

84. भारत में 1948 में "भारतीय फाइटोपैथोलॉजिकल सोसायटी" की स्थापना किसने की?
(1) जे.एफ. दस्तूर
(2) के.सी. मेहता
(3) एस.एल. अजरेकर
(4) बी.बी. मुंदकुर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

85. Who was the first scientist to develop a cultivation method of mushroom in France in 1707?
(1) Lambert
(2) Daggar
(3) Matrochot and Constantin
(4) Tournefort
(5) Question not attempted

85. किसने 1707 में मशरूम की खेती की विधि फ्रांस में विकसित की?
(1) लैम्बर्ट
(2) डैगर
(3) मैट्रोकॉट एवं कॉन्सटेंटिन
(4) टूरनेफोर्ट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

86. Citrus greening disease is transmitted by -
(1) Citrus psylla
(2) Nematode
(3) Whitefly
(4) Mites
(5) Question not attempted

86. नींबू वर्गीय के हरितमा रोग का संचरण किसके द्वारा होता है?
(1) सिट्रस सिल्ला
(2) सूत्रकृमि
(3) व्हाइट फ्लाई
(4) माइट्स
(5) अनुत्तरित प्रश्न

87. Staining technique for bacteria was first developed by -
(1) Gram
(2) Brefeld
(3) Woronin
(4) Smith
(5) Question not attempted

87. जीवाणु के लिए प्रयोग की जाने वाली स्टेनिंग तकनीक सर्वप्रथम किसने विकसित की?
(1) ग्राम
(2) ब्रेफेल्ड
(3) वोरोनिन
(4) स्मिथ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

88. *Xiphinema* spp. transmit which of the following virus?
(1) Tobacco rattle virus
(2) Grapevine fanleaf virus
(3) Pea early browning virus
(4) Chilli leaf curl virus
(5) Question not attempted

89. The electron microscope was first developed by -
(1) Robert Koch
(2) Knoll and Ruska
(3) Louis Pasteur
(4) Anton van Leeuwenhoek
(5) Question not attempted

90. Machine learning models are appropriate tools to detect and quantify plant diseases using -
(1) Simple microscope
(2) H.S. images
(3) Movie image
(4) Simple images
(5) Question not attempted

91. The genetic material of majority of T-phages are -
(1) dsRNA
(2) Ribosomal RNA
(3) RNA
(4) DNA
(5) Question not attempted

92. Fungus which produces alkaloid "Ergotin" is -
(1) *Claviceps fusiformis*
(2) *Trichoderma harzianum*
(3) *Aspergillus flavus*
(4) *Penicillium niger*
(5) Question not attempted

93. Tetracycline is part of which group?
(1) Cycloheximide
(2) Doxycycline
(3) Streptomycin
(4) Agrimycin
(5) Question not attempted

88. निम्नलिखित में से कौनसे वायरस का संचरण ज़िफिनिमा प्रजाति से होता है?
(1) टोबैको रैटल वायरस
(2) ग्रेपवाइन फैनलीफ वायरस
(3) पी अर्ली ब्राउनिंग वायरस
(4) चिली लीफ कर्ल वायरस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

89. इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी को सबसे पहले किसके द्वारा विकसित किया गया था?
(1) रॉबर्ट कोच
(2) नोल और रुस्का
(3) लुई पाश्चर
(4) एंटोन वैन लीउवेनहॉक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

90. मशीन लर्निंग मॉडल ................ का उपयोग करके पादप रोग व रोग की सघनता निर्धारण हेतु उपयुक्त उपकरण हैं।
(1) साधारण सूक्ष्मदर्शी
(2) एच.एस. फोटो
(3) मूवी फोटो
(4) साधारण फोटो
(5) अनुत्तरित प्रश्न

91. अधिकांश टी–फेजेज़ में आनुवंशिक पदार्थ होता है –
(1) डबल स्ट्रैंडेड आरएनए
(2) राइबोसोमल आरएनए
(3) आरएनए
(4) डीएनए
(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. वह कवक जो "अर्गोटिन" एल्केलॉयड बनाती है –
(1) क्लैविसेप्स फ्यूसीफॉर्मिस
(2) ट्राइकोडर्मा हार्ज़ियानम
(3) एस्परजिलस फ्लेवस
(4) पेनिसिलियम नाइजर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. टेट्रासाइक्लिन किस समूह में सम्मिलित है?
(1) साइक्लोहेक्सीमाइड
(2) डॉक्सीसाइक्लिन
(3) स्ट्रेप्टोमाइसिन
(4) एग्रीमाइसिन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

94. Who invented the ultracentrifuge technique?
(1) Louis Pasteur
(2) Watson and Crick
(3) Robert Koch
(4) Theodor Svedberg
(5) Question not attempted

95. Club root disease of cruciferous crops is highly favoured by -
(1) Saline-alkaline soils
(2) Acidic soil
(3) Neutral soil
(4) Alkaline soil
(5) Question not attempted

96. Which edible mushroom contains maximum arginine?
(1) *Volvariella diplasia*
(2) *Agaricus bisporus*
(3) *Amanita* spp.
(4) *Pleurotus sajor-caju*
(5) Question not attempted

97. "Pokkah Boeng", a Javanese term which means malformed or distorted top was first reported by -
(1) Woronin, 1886
(2) V.P. Agnihotri, 1996
(3) J.P. Verma, 1980
(4) Walker and Went, 1886
(5) Question not attempted

98. Which chemical solution is used for cleaning laboratory glassware?
(1) Formalin
(2) Sodium chloride
(3) Potassium dichromate
(4) Mercuric chloride
(5) Question not attempted

99. Which of the following equipment is used to maintain a range of temperature below and above the ambient temperature required for growth of microorganisms?
(1) Hot air oven
(2) BOD incubator
(3) Microwave oven
(4) Carbon dioxide incubator
(5) Question not attempted

94. अल्ट्रासेंट्रीफ्यूज तकनीक का आविष्कार किसने किया?
(1) लुई पाश्चर
(2) वॉटसन और क्रिक
(3) रॉबर्ट कोच
(4) थियोडोर स्वेडबर्ग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. क्रूसीफेरस फसलों के क्लब रूट रोग के लिए अत्यधिक अनुकूल है –
(1) लवणीय–क्षारीय मिट्टी
(2) अम्लीय मिट्टी
(3) उदासीन मिट्टी
(4) क्षारीय मिट्टी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. कौनसी खाद्य मशरूम में अधिकतम आर्जिनिन पाया जाता है?
(1) वोल्वेरीएला डिप्लासिया
(2) एगारिकस बिस्पोरस
(3) अमानिता प्रजाति
(4) प्लुरोटस साजोर–काजू
(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. "पोक्का बोइंग" (Pokkah Boeng), एक जावानीज़ शब्द जिसका तात्पर्य विकृत या विरूपित शीर्ष होता है, सर्वप्रथम किसने रिपोर्ट किया?
(1) वोरोनिन ने 1886 में
(2) वी.पी. अग्निहोत्री ने 1996 में
(3) जे.पी. वर्मा ने 1980 में
(4) वॉकर एवं वेन्ट ने 1886 में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

98. प्रयोगशाला में कांच के बर्तनों की सफाई के लिए उपयोग किया जाने वाला रासायनिक घोल है –
(1) फॉर्मेलिन
(2) सोडियम क्लोराइड
(3) पोटैशियम डाइक्रोमेट
(4) मरक्यूरिक क्लोराइड
(5) अनुत्तरित प्रश्न

99. निम्नलिखित में से कौनसा उपकरण सूक्ष्मजीवों की वृद्धि के लिए आवश्यक सामान्य तापमान से नीचे और ऊपर तापमान की सीमा बनाए रखने के लिए उपयोग किया जाता है?
(1) गर्म हवा अवन
(2) बी.ओ.डी. इनक्यूबेटर
(3) माइक्रोवेव अवन
(4) कार्बन डाइऑक्साइड इनक्यूबेटर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

100. Which propagative material is used for cultivation of mushroom?
(1) Straw substrate
(2) Spawn
(3) Compost
(4) Casing material
(5) Question not attempted

101. Which thickness of polyethylene sheet is most effective for soil solarization?
(1) 10-20 μm
(2) 25-50 μm
(3) 70-100 μm
(4) 150 μm
(5) Question not attempted

102. Indian Journal of Mycology and Plant Pathology was first published in -
(1) 1947
(2) 1971
(3) 1960
(4) 1948
(5) Question not attempted

103. Which bacteria produces Hydrogen Cyanide (HCN) which works as a bio-control metabolite?
(1) *Serratia* and *Bacillus*
(2) *Bacillus* and *Pseudomonas*
(3) *Erwinia* and *Pantoea*
(4) *Rhizobium* and *Streptomyces*
(5) Question not attempted

104. The mushroom commonly known as Jew's Ear is -
(1) *Ganoderma* spp.
(2) *Flammulina* spp.
(3) *Auricularia* spp.
(4) *Lentinula* spp.
(5) Question not attempted

105. Transmission of tobacco necrosis virus by zoospores of fungus *Olpidium brassicae* reported by -
(1) Kunkel
(2) Teakle
(3) Bowden
(4) Kassanis
(5) Question not attempted

100. मशरूम की खेती के लिए किस प्रजनक सामग्री का उपयोग किया जाता है?
(1) पुआल आधार पदार्थ
(2) स्पॉन
(3) कम्पोस्ट खाद
(4) आवरण सामग्री
(5) अनुत्तरित प्रश्न

101. मृदा सौरीकरण हेतु पॉलीइथिलीन शीट की कौनसी मोटाई सर्वाधिक प्रभावी होती है?
(1) 10-20 माइक्रोन
(2) 25-50 माइक्रोन
(3) 70-100 माइक्रोन
(4) 150 माइक्रोन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

102. इंडियन जर्नल ऑफ माइकोलॉजी एंड प्लांट पैथोलॉजी प्रथम बार कब प्रकाशित हुआ?
(1) 1947
(2) 1971
(3) 1960
(4) 1948
(5) अनुत्तरित प्रश्न

103. कौनसा जीवाणु हाइड्रोजन साइनाइड (एच.सी.एन.) उत्पन्न करता है, जो जैव–नियंत्रक उपापचयज के रूप में कार्य करता है?
(1) सेराटिया एवं बैसिलस
(2) बैसिलस एवं स्यूडोमोनास
(3) एर्विनिया एवं पैंटोइया
(4) राइज़ोबियम एवं स्ट्रेप्टोमाइसिस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

104. मशरूम जिसे सामान्यतः ज्यूज़ ईयर के नाम से जाना जाता है –
(1) गैनोडर्मा स्पीशीज़
(2) फ्लैमुलिना स्पीशीज़
(3) ऑरिक्युलेरिया स्पीशीज़
(4) लेंटिनुला स्पीशीज़
(5) अनुत्तरित प्रश्न

105. फंगस ओलपिडियम ब्रैसिका के जूस्पोर से तम्बाकू नेक्रोसिस विषाणु का संचरण होना बताया –
(1) कुंकेल ने
(2) टीकल ने
(3) बोडेन ने
(4) कसानिस ने
(5) अनुत्तरित प्रश्न

106. ICAR-Directorate of Mushroom Research is situated at -
(1) Pusa (New Delhi)
(2) Dharamshala (HP)
(3) Solan (HP)
(4) Ludhiana (PB)
(5) Question not attempted

107. "Aureofungin" is a -
(1) Nematicide
(2) Weedicide
(3) Viricide
(4) Antibiotic
(5) Question not attempted

108. Who coined the term "Mycorrhiza"?
(1) Atkinson
(2) Millardet
(3) Frank
(4) Ellen Ball
(5) Question not attempted

109. Mushroom mycelium has a unique type of septum called -
(1) Simple
(2) Dolipore
(3) Double wall
(4) Aseptate
(5) Question not attempted

110. Who coined the term "Vertical resistance"?
(1) H.H. Flor
(2) Van der Plank
(3) Vavilov
(4) Cladwell and Co-workers
(5) Question not attempted

106. आईसीएआर–मशरूम अनुसंधान निदेशालय स्थित है –
(1) पूसा (नई दिल्ली) में
(2) धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश) में
(3) सोलन (हिमाचल प्रदेश) में
(4) लुधियाना (पंजाब) में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

107. ''ऑरियोफंगिन'' है, एक –
(1) सूत्रकृमिनाशी
(2) खरपतवारनाशी
(3) विषाणुनाशी
(4) प्रतिजैविकी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

108. ''माइकोराइज़ा'' शब्द को किसने प्रतिपादित किया?
(1) एटकिंसन ने
(2) मिलार्डेट ने
(3) फ्रैंक ने
(4) एलेन बॉल ने
(5) अनुत्तरित प्रश्न

109. मशरूम के कवक जाल में एक विशिष्ट पट होता है, जो कहलाता है –
(1) साधारण
(2) डोलिपोर
(3) दोहरी भित्ति
(4) अविभाजित
(5) अनुत्तरित प्रश्न

110. ''ऊर्ध्वाधर प्रतिरोधकता'' शब्द किसने दिया?
(1) एच.एच. फ्लोर
(2) वैन डेर प्लेंक
(3) वैविलोव
(4) क्लैडवेल एवं सहयोगी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

----------------------------------------

**Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

**Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह**

5001105